हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 मई 2026, समय 13:05 (05 मिनट)

हरियाणा में गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुबोध गिरी की अगुवाई में दो दर्जन से अधिक नेताओं व कार्यकर्ताओं ने आज पंचकूला में भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने प्रदेश कार्यालय पंचकमल में डा. सुबोध गिरी सहित सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

इस अवसर पर श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। वहीं डॉ सुबोध गिरी ने कहा कि भाजपा की राष्ट्रवादी सोच और संगठन की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने साथियों सहित भाजपा में आने का निर्णय लिया।

****

करनाल में महर्षि कश्यप जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कल इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

विधान सभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की । इस अवसर श्री हरविंदर कल्याण ने कहा कि महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा के महान ऋषियों में से एक थे। उनका जीवन समाज को ज्ञान, सद्भाव और सेवा का संदेश देता है।

श्री कल्याण ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने शिक्षा, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे पर जोर देते हुए कहा कि समाज तभी आगे बढ़ता है जब सभी लोग मिलकर काम करते हैं । श्री कल्याण ने सभी को ऋषियों के बताए मार्ग पर चलते हुए पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन की अपील भी की ।

****

हरियाणा सरकार ने अपनी अनुग्रह वित्तीय सहायता योजना का दायरा बढ़ाते हुए सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक उपक्रमों के दिवंगत अंशकालिक कर्मचारियों के परिवारों को भी 3 लाख रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह लाभ पहले केवल एडहॉक, दैनिक वेतनभोगी और अनुबंध आधार पर कार्यरत कर्मचारियों के परिवारों को दिया जाता था। अब सरकार ने इस योजना में अंशकालिक कर्मचारियों को भी शामिल करने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में राज्य के सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, उपमंडल अधिकारियों (नागरिक), विश्वविद्यालयों तथा विभिन्न बोर्डों और निगमों को निर्देश जारी किए गए हैं।

****
****

मौसम विभाग ने कहा है कि अभी दो दिन तक गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के कारण 28 मई से मौसम में बदलाव से भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम वैज्ञानिक शिवेंद्र सिंह ने बताया कि 28 मई के बाद तापमान में गिरावट आएगी।

****
****

हरियाणा के कृषि व किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज ज़िला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री ने बताया कि बैठक में रखे गए 14 मामलों में से 9 मामलों का समाधान कर दिया गया जबकि 5 मामलों को लंबित रखा गया है।

तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिन देशों से भारत तेल खरीदता है वहां आपसी विवाद चल रहा है। विवाद समाप्त होने के बाद कीमतों में सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि तेल के दाम मांग और आपूर्ति पर निर्भर करते हैं तथा कंपनियां भी इस दिशा में प्रयास कर रही हैं कि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

खाद की उपलब्धता को लेकर मंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसानों को यूरिया और DAP की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

****

****